बीएसएनएल में आई.टी.एस. अधिकारियों का फिर विरोध

अजमेर, 18 सितम्बर (कासं.)। इण्डियन टेलीकॉम सर्विस के अधिकारियों को भारत संचार निगम लि. से वापस मूल विभाग दूरसंचार विभाग में भेजने के लिए फिर विरोध शुरू हो गया है। देशव्यापी आह्वान पर मंगलवार की शाम यहां भी निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों ने महाप्रबंधक कार्यालय के मुख्य द्वार पर प्रदर्शन किया।

वर्ष 2000 में निगम बनने के बाद दूरसंचार विभाग के अधिकांश अधिकारी व कर्मचारी निगम में समाहित कर दिए गए थे। लेकिन आई.टी.एस. अधिकारियों ने उस समय इसे टाल दिया था। उसके बाद कई आई.टी.एस. अधिकारी धीरे-धीरे निगम में समाहित हो गए, लेकिन करीब डेढ़ हजार आई.टी.एस. अधिकारी अभी भी निगम में प्रतिनियुक्ति पर काम कर रहे हैं। दूर संचार विभाग उनके लिए निगम में समाहित होने के लिए विकल्प खोलता है। फिर भी आई.टी.एस. इसमें टालमटोल करते रहते हैं। इसी के विरोध में मंगलवार को यहां सभी संगठनों एवं एसोसिएशन के अधिकारियों व कर्मचारियों की संयुक्त संघर्ष समिति ने प्रदर्शन किया। जिसमें बीएसएनएल एग्जीक्यूटिव एसोसिशन के सचिव जी.एस. छाबड़ा, बी.आर. नोगिया एवं ऑल इण्डिया जूनियर टेलीकॉम ऑफिसर एसोसिएशन के सचिव वी.एस. नरूका एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल हैं।